दिनांक **11 अगस्त 2022** को डीएसएन महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट एवं एनएसएस वालंटियर तथा राजकीय आईटीआई उन्नाव के एनसीसी कैडेट ने संयुक्त रुप से एक **तिरंगा जागरूकता रैली** का आयोजन किया ।

यह तिरंगा रैली राजकीय आईटीआई से प्रारंभ होकर बड़ा चौराहा ,छोटा चौराहा, गांधी नगर तिराहा होते हुए डीएसएन महाविद्यालय में समाप्त हुई जहां पर उप जिलाधिकारी श्री अंकित शुक्ला तथा महाविद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की उपस्थिति में रैली ने का समापन हुआ।

रैली में चल रहे कैडेट्स एवं वालंटियर्स में अभूतपूर्व जोश था। वे सभी भारत माता की जय ,वंदे मातरम के जयघोष करते हुए चल रहे थे। रैली का नेतृत्व डीएसएन महाविद्यालय के एनसीसी एएनओ डॉ विपिन सिंह तथा आईटीआई के एनसीसी एएनओ रवि रंजन ने किया। कार्यक्रम के आरंभ में तिरंगा जागरूकता रैली को डीएसएन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनंद शुक्ला तथा 57 बटालियन एनसीसी के सूबेदार मेजर श्री लीला ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नेहरू युवा केंद्र के श्री विनीत गहलावत , डी एस एन महाविद्यालय की एनए सएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ रचना त्रिवेदी , डॉ रंजीत सिंह ,श्री साक्षी, डॉ गीता श्रीवास्तव, सुभाष ,अंकित सहित अनेक गणमान्य लोग इस जागरूकता रैली की अगुवाई कर रहे थे और जन संदेश देते हुए रैली के आगे आगे चल रहे थे।

57 बटालियन एन.सी.सी. उन्नाव
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान